SWAMI KESHWANAND RAJASTHAN AGRICULTURAL UNIVERSITY
National Highway No. 15, Sriganganagar Road, Beechwal - Bikaner – 334006 (Rajasthan)
स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 15, श्रीगंगानगर रोड़, बीछवाल - बीकानेर - 334006 (राजस्थान)

दिनांक 27.08.2021 को प्रातः 11.00 बजे वर्चुअल प्लेटफार्म/ऑफलाईन माध्यम से आयोजित विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की 106वीं बैठक के कार्यवृत्त।

निम्न सदस्यो ने ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक में भाग लिया :-

1.	**प्रो० आर०पी० सिंह,** कुलपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर	अध्यक्ष
2.	**डॉ० राजीव जैन,** कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद्	सदस्य
3.	**डॉ० बी०पी० सारस्वत,** सेवानिवृत्त प्रोफेसर, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर एवं माननीय कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित विख्यात शिक्षाविद्	सदस्य
4.	**डॉ० जी०एन० परिहार,** पूर्व आचार्य, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित विख्यात वैज्ञानिक	सदस्य
5.	**श्री अशोक चौधरी,** राज्य सरकार द्वारा नामनिर्देशित प्रगतिशील किसान	सदस्य
6.	**डॉ० सीमा जग्गी,** सहायक महानिदेशक (मानव संसाधन विकास), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा नामनिर्देशित	सदस्य
7.	**डॉ० उदयभान सिंह** संयुक्त निदेशक कृषि, बीकानेर(प्रतिनिधि आयुक्त कृषि, राजस्थान सरकार, जयपुर)	सदस्य
8.	**डॉ० विरेन्द्र नेत्रा,** उप निदेशक पशु पालन विभाग, बीकानेर (प्रतिनिधि प्रमुख शासन सचिव, पशु पालना, राजस्थान सरकार, जयपुर)	सदस्य
9.	**डॉ० पी०एस० शेखावत,** निदेशक अनुसंधान, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर	सदस्य
10.	**डॉ० (श्रीमती) विमला डुंकवाल,** अधिष्ठाता, गृह विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर।	सदस्य
11.	**डॉ० एन०एस० दहिया,** आचार्य (पशुधन उत्पादन प्रबंधन), कृषि महाविद्यालय, बीकानेर।	सदस्य
12.	**डॉ० पी०के० यादव,** आचार्य (उद्यानिकी), कृषि महाविद्यालय, बीकानेर	सदस्य
13.	**डॉ० वी० एस० आचार्य,** सह-आचार्य (कीट विज्ञान), कृषि महाविद्यालय, बीकानेर	सदस्य

14. **डॉ० राजेन्द्र सिंह राठौड़,** सदस्य
सह-आचार्य (उद्यानिकी), खजूर अनुसंधान केन्द्र, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर।

15. **इंजी. विपिन लड्ढ़ा,** विशेष अमांत्रित
विशेषाधिकारी कुलपति, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

16. **कपूर शंकर मान,** आर०ए०एस० **सदस्य सचिव**
कुलसचिव, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव (कृषि), श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव (उच्च शिक्षा), श्रीमान् संभागीय आयुक्त बीकानेर एवं श्री पवन कुमार, वित्तनियंत्रक द्वारा प्रबन्ध मण्डल की बैठक में भाग नहीं लिया गया।

प्रबन्ध मण्डल अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय कुलपति ने प्रारंभिक उद्बोधन में प्रबन्ध मण्डल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। सर्वप्रथम प्रो० राजीव जैन, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, प्रो० बी.पी. सारस्वत, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर, डॉ० सीमा जग्गी, सहायक निदेशक (एच.आर.डी), आई.सी.ए.आर, नई दिल्ली, डॉ० एन.एस. दहिया, आचार्य एवं डॉ० राजेन्द्र सिंह राठौड, सह-आचार्य का नये सदस्यों के रूप में मनोनीत होने पर उनका स्वागत किया गया। श्री अशोक चौधरी, राज्यसरकार द्वारा नामनिर्देशित प्रगतिशील किसान जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर बैठक में उपस्थित हुवे उनका भी हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही डॉ० रमन कुमार दवे, आचार्य, वाणिज्य विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, डॉ० आनन्द पालीवाल, अधिष्ठाता, विधि संकाय, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर, डॉ रामकेवल सिंह, सहायक निदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली, डॉ० राजेश शर्मा, आचार्य कृषि महाविद्यालय, बीकानेर एवं डा० मंजू कंवर राठौड, सहायक आचार्य द्वारा पूर्व में प्रबन्ध मण्डल सदस्य के रूप में दी गई सेवाओं की सराहना की गई। प्रबन्ध मण्डल अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय कुलपति ने सदस्यों को अवगत कराया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अपने बजट भाषण में तीन नये कृषि महाविद्यालय हनुमानगढ, चाँदगोठी(चुरू) एवं मण्डावा (झुंझनु) में खोलने की घोषणा की थी। इन तीनो नये कृषि महाविद्यालयों को इसी सत्र से प्रारम्भ किया जा रहा हैं । इन नये महाविद्यालयों में 60-60 सीटें भरने के लिये श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को सीट मैट्रिक्स भी भेज दी गयी हैं और विद्यार्थियों के प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जावेगी। चाँदगोठी(चुरू) एवं मण्डावा (झुंझनु) में महाविद्यालयों हेतु जमीन आवंटित कर दी गयी हैं जबकि हनुमानगढ में भी जल्द ही महाविद्यालय के लिये जमीन आवंटित कर दी जावेगी। जब तक इन महाविद्यालयों के लिये भवन का निर्माण नहीं हो जाता तब तक वैकल्पिक रूप से सरकारी भवन की व्यवस्था कर ली गयी हैं जिससे इसी सत्र में महाविद्यालय प्रारम्भ किया जा सके। राज्य सरकार ने प्रत्येक महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु 6.00 करोड रूपये की राशि विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी हैं। साथ ही माननीय सदस्यों को अवगत करवाया गया कि इन महाविद्यालयों में अधिष्ठाताओं की भी नियुक्ति कर दी गयी हैं व एक-एक शैक्षणिक व अशैक्षणिक कार्मिको का पदस्थापन भी इन महाविद्यालयों में कर दिया गया हैं। साथ ही राज्य सरकार द्वारा लागू विद्या सम्बल योजना के तहत् टीचिंग स्टॉफ को "अतिथि शिक्षक" के रूप में लेने हेतु विज्ञापन जारी कर दिया गया हैं और जल्द ही टीचिंग स्टॉफ बाबत् "अतिथि शिक्षक" के रूप में निर्देशानुसार पात्रता रखने वाले सेवानिवृत्त कार्मिक/निजी अभ्यार्थियों को लगा लिया जावेगा जिससे महाविद्यालयों का अध्यापन

कार्य सुचारू बनाया जा सकेगा। माननीय सदस्यों को यह भी अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व अशैक्षणिक कार्मिको की नियुक्ति भी प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालय द्वारा रोस्टर तैयार कर राज्यसरकार एवं राजभवन को भिजवाया जा चुका हैं जैसे ही राज्यसरकार द्वारा अनुमति प्राप्त होगी इन रिक्त पदों को भरने के लिये विज्ञापन जारी कर दिया जायेगा ।

बैठक में विचार-विमर्श उपरान्त निम्न निर्णय पारित किये गये।

मद संख्या	विवरण
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1412	**105वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 15.06.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 105वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 15.06.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1413	**105वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 15.06.2021 के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 105वीं प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 15.06.2021 के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1414	**56वीं विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 26.08.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करने बाबत्।** विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात् माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा 56वीं विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 15.06.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1415	**विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों की पुष्टि करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों की पुष्टि की गई।
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1416	**सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक प० 1(4)(4)/आरबी/जीएस/2013/2294 दिनांक 10.06.2021 के द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी और राज्य पोषित विश्वविद्यालयों के मध्य एम०ओ०यू० हेतु प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक प० 1(4)(4)/आरबी/जीएस/2013/2294 दिनांक 10.06.2021 के द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी और राज्य पोषित विश्वविद्यालयों के मध्य एम०ओ०यू० हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया । (कार्यवाही : विशेषाधिकारी कुलपति)

स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1417	**विश्वविद्यालय में संविधान उद्यान निर्माण के संबंध में।** प्रकरण पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सभी माननीय सदस्यों की राय थी कि संविधान उद्यान निर्माण के संबंध में राज्यसरकार से बजट राशि उपलब्ध होने व अनुमति प्राप्त होने पर माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संविधान उद्यान मय संविधान स्तम्भ का कार्य किया जावे । (कार्यवाही : विशेषाधिकारी कुलपति)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1418	**विश्वविद्यालय अधिनियम के परिनियम 7(III) में प्रबन्ध मण्डल के पदेन सदस्यों में शासन सचिव वित्त विभाग को शामिल करवाये जाने हेतु परिनियम में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम के परिनियम 7(III) में प्रबन्ध मण्डल के पदेन सदस्यों में शासन सचिव वित्त विभाग को शामिल करवाये जाने हेतु परिनियम में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1419	**अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर के पद हेतु आवश्यक योग्यता, स्कोर कार्ड एवं आवेदन शुल्क अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा अधिष्ठाता, कृषि श्रीगंगानगर आवश्यक योग्यता, स्कोर कार्ड एवं आवेदन शुल्क का अनुमोदन किया जाता हैं साथ ही इसी अनुरूप विश्वविद्यालय के अधीन इस वर्ष तीन अन्य नव स्वीकृत कृषि महाविद्यालयों के अधिष्ठाता पद हेतु भी आवश्यक योग्यता, स्कोर कार्ड एवं आवेदन शुल्क लागू करने का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1420	**स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधिनस्थ संचालित कृषि व्यवसाय प्रबन्ध संस्थान, बीकानेर, गृह विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर, कृषि महाविद्यालय, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, मंडावा-झूझुंनू, एवं चाँदगोठी-चूरू के लिए अतिथि शिक्षकों (Guest Faculty) की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन संख्या F. 1(173)/SKRAU/ Rectt./2021/1331 dated 07.08.2021 मय योग्यता, आवेदन पत्र प्रारूप, स्कोर कार्ड एवं शपथ पत्र का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधीन कृषि व्यवसाय प्रबन्ध संस्थान, बीकानेर, गृह विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर, कृषि महाविद्यालय, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, मंडावा-झूझुंनू, एवं चाँदगोठी-चूरू के लिए अतिथि शिक्षकों (Guest Faculty) की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन संख्या F. 1(173)/SKRAU/ Rectt./2021/1331 dated 07.08.2021 मय योग्यता, आवेदन पत्र प्रारूप, स्कोर कार्ड एवं शपथ पत्र का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)

स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1421	**स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अन्तर्गत श्रीगंगानगर में स्थापित किये गये नए कृषि महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अधिष्ठाता के पद का विषय निर्धारण करने हेतु गठित समिति से प्राप्त अनुशंषा का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा श्रीगंगानगर में स्थापित किये गये नए कृषि महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अधिष्ठाता के पद का विषय निर्धारण करने हेतु गठित समिति से प्राप्त अनुशंषा का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1422	**प्रसार शिक्षा निदेशालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्रों में विषय विशेषज्ञों के पद के चयन के लिए विशेष विषय से मुक्त करने के क्रम में।** कार्यसूची पर विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त प्रसार शिक्षा निदेशालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्रों में पदस्थापित विषय वस्तु विशेषज्ञों (Subject Matter Specialist)के स्थानान्तरण बाबत् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही : कुलसचिव)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1423	**वित्त समिति की बैठक दिनांक 13.08.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 13.08.2021 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : वित्तनियंत्रक)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1424	**विश्वविद्यालय का आय व्यय अनुमान वर्ष 2021-22 व संशोधन अनुमान वर्ष 2020-21 एवम् बैलेंस सीट वर्ष 2019-20 का अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय का आय व्यय अनुमान वर्ष 2021-22 व संशोधन अनुमान वर्ष 2020-21 एवम् बैलेंस सीट वर्ष 2019-20 का अनुमोदन किया गया । (कार्यवाही : वित्तनियंत्रक)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1425	**विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों/अधिसूचना की पुष्टि करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों/अधिसूचना की पुष्टि की गई।

स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1426	**विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदो के आवेदन पत्र प्रारूप, आवेदन शुल्क निर्धारण एवं सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष पद का स्कोर कार्ड का प्रारूप अनुमोदन करने बाबत्।** माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदो के आवेदन पत्र प्रारूप, आवेदन शुल्क निर्धारण एवं सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष पद का स्कोर कार्ड के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)
स्वाकेराकृवि/बोम-106/ 2021-2/1427	**ग्रेड़ पे 3600/- या इससे कम ग्रेड पे के अशैक्षणिक पदों पर भर्ती विश्वविद्यालय स्वयं के स्तर पर करने के संबंध में।** विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा ग्रेड़ पे 3600/- या इससे कम ग्रेड पे के अशैक्षणिक पदों पर भर्ती पुन: विश्वविद्यालय स्वयं के स्तर पर करने का अनुमोदन किया गया। (कार्यवाही : कुलसचिव)

धन्यवाद प्रस्ताव पारित के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

28-8-21

(कपूर शंकर मान)
कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव प्रबन्ध मण्डल

R.P.S. 28/08/21

(प्रो० आर०पी० सिंह)
कुलपति एवं
अध्यक्ष प्रबन्ध मण्डल